## एक नजर में

### अपनी मांगों को लेकर कल से हड़ताल पर रहेंगे नप के सफाई कर्मचारी



**सुसनेर, 16 जुलाई .** अपनी भिन्न मांगों को लेकर नगर परिषद सुसनेर में कार्य करने वाले सफाई कर्मचारी कल 18 जुलाई से हड़ताल पर रहेंगे . इसकी सूचना उन्होंने बुधवार की दोपहर में सुसनेर एसडीम सर्वेश यादव व नगर परिषद सीएमओ ओपी नागर को लिखित आवेदन देकर के दी है . दिए गए आवेदन में बताया गया कि कर्मचारियों की उचित मांगों को लेकर के दिनांक 9 जुलाई को एक ज्ञापन महादलित परिसंघ के बेनरतले सीएमओ को दिया गया था . जिसका कोई निराकरण नहीं किया गया है . इस कारण से समस्त कर्मचारियों के द्वारा दिनांक 18 जुलाई से हड़ताल करने का फैसला किया गया है . इसलिए दिनांक 18 जुलाई से समस्त कर्मचारीगण हड़ताल पर जाएंगे . इस अवसर पर महादलित परिसंघ के जिलाध्यक्ष दिलीप कलोसिया व अन्य सफाई कर्मचारी मौजूद रहे .

### देवनारायण जी ने अपना जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित किया



**सुसनेर, 16 जुलाई .** समीपस्थ ग्राम परसुलियाखुर्द में ग्रामवासियो के द्वारा जनसहयोग से देवनारायण भगवान की कथा का आयोजन किया जा रहा है . जिसमें इकलेरा के व्यासपीठ से कथावाचक सूरजसिंह बना द्वारा कथा का रसपान श्रृद्धालुओ को करवाया जा रहा है . 14 जुलाई से इस कथा का आयोजन किया जा रहा है . जिसका समापन 20 जुलाई को होगा . बुधवार को कथा के दौरान कथावाचक ने श्रृद्धालुओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान देवनारायण जिन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है वे एक लोक देवता हैं . उन्हें सनातन धर्म क लोग विशेष रूप से पूजते हैं . देवनारायणजी ने अपना जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित कर दिया था और उन्हें एक महान योद्धा भी माना जाता है . देवनारायण पराक्रमी योद्धा थे जिन्होंने अत्याचारी शासकों के विरूद्ध कई संघर्ष एवं युद्ध किए . वे शासक भी रहे . उन्होंने अनेक सिद्धियां प्राप्त की . चमत्कारों के आधार पर धीरे-धीरे वे देव स्वरूप बनते गए एवं अपने इष्टदेव के रूप में पूजे जाने लगे . उन्होंने लोगों के दु :ख व कष्टों का निवारण किया . देवनारायण महागाथा में बगडावतों और राण भिणाय के शासक के बीच युद्ध का रोचक वर्णन है . इन्होंने जीवन में बुराइयों से लड़कर अच्छाइयों को जन्म दिया . आतंकवाद से संघर्ष कर सच्चाई की रक्षा की एवं शान्ति स्थापित की . हर असहाय की सहायता की . इस अवसर पर श्रृद्धालुजन उपस्थित रहे .

### पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति अभियान, विद्यार्थियों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ



**मक्सी, 16 जुलाई .** प्रदेश में 15जुलाई से 30 जुलाई तक मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत मक्सी थाना प्रभारी भीमसिंह पटेल एवं थाना स्टाफ द्वारा बुधवार को पीएम श्री शासकीय तिलक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मक्सी में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया . इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को नशे की बुराइयों के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें अपने जीवन को नशे से मुक्त रखकर स्वस्थ एवं सुरक्षित बनाने की प्रेरणा दी गई . थाना प्रभारी भीमसिंह पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा किए नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि उसके भविष्य एवं समाज को भी गहराई से प्रभावित करता है . उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है और यदि यह पीढ़ी नशे से बची रही तो देश स्वर्णिम ऊंचाइयों को छू सकता है . कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने नशे से मुक्त जीवन जीने की सामूहिक शपथ ली और समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने का संकल्प लिया . इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती शैलेशटीना कुजूर, संकुल प्राचार्य पदम सिंह देथलिया, वरिष्ठ शिक्षक ओंकारसिंह कराड़ा, शिक्षक रतन लाल फुलेरिया, शिक्षक दयाराम असल, शिक्षक मनीष व्यास, शिक्षक अभय मिश्रा, शिक्षक लक्ष्मीनारायण राठौर, शिक्षक कैलाश कटारिया, शिक्षक राकेश धाकड़, शिक्षक रोहित कुमावत, शिक्षिका सरिता उमठ, शिक्षक कैलाश परमार, शिक्षिका सुमित्रा सिंगार, शिक्षक सतीश कल्शिया, शिक्षक सर्वेश त्रिवेदी एवं शिक्षिका मीना श्रीवास्तव सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा . विद्यालय प्रबंधन ने थाना मक्सी की इस पहल की सराहना करते हुए इसे एक सराहनीय सामाजिक कदम बताया और उम्मीद जताई कि ऐसे प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगी .

### जर्जर विद्युत तार बदलने की मांग

**सोयतकलां, 16 जुलाई .** सोयत के वार्ड क्रमांक एक निशानियां में स्थानीय निवासियों ने जर्जर विद्युत तार बदलने की मांग की है . इस संबंध में रहवासियों ने शिकायतें भी दर्ज कराई हैं, जिसमें कहा गया है कि पुराने और जर्जर तार सुरक्षा के लिए खतरा बन गए हैं . रहवासियों का कहना है कि इन तारों के कारण बिजली गुल होने और आग लगने की घटनाएं हो सकती हैं . आगे बताया कि कुछ दिन पहले मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा वार्ड 2 में तार बदलकर केबलीकरण किया, लेकिन वार्ड क्रमांक एक में विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया . जर्जर विद्युत तार के कारण आंधी तूफान से तार आपस में टकराकर फॉल्ट हो रहे हैं, जिसके कारण घंटों बिजली बंद रहती है . ग्रामीण धनराज दांगी, भेरूलाल दांगी, देवेंद्र दांगी ने मध्यप्रदेश विद्युत विभाग से जर्जर बिजली के तार बदलने की मांग की है . कनिष्ठ अभियंता पंकज वर्मा ने बताया कि वार्ड क्रमांक 2 में केबलीकरण का कार्य मंजूर हुआ था . जल्द ही वार्ड एक में कार्य मंजूर करवाकर केबलीकरण किया जाएगा .

### नंद घर आनंद भयो के जयकारों से गूंज उठा पंडाल

**सोयतकलां, 16 जुलाई .** भावसार महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित भागवत कथा के दौरान श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया . कथावाचक पंडित विजय महाराज ने कहा कि जब-जब भक्तों पर विपदा आई है, सच्चे मन से भक्त ने भगवान को याद किया, तो प्रभु नंगे पैर दौड़े आए हैं . व्यक्ति को हमेशा प्रभु के शरण में रहकर उनकी पूजा-अर्चना करते रहना चाहिए . इससे यह लोक व परलोक सुधर जाता है . कथा के दौरान जैसे ही कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग आया . समूचा पंडाल नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की . आलकी की पालकी जय कन्हैया लाल की की गूंज से गूंजायमाना हो उठा . महिलाओं ने भाव विभोर होकर नृत्य किया . माखन मिश्री का प्रसाद लुटाया गया . बैंड बाजों के साथ वासुदेव श्री कृष्ण को टोकरी में सर पर बिठाकर पंडाल से बाहर निकले . आगे-आगे महिलाएं-पुरुष नृत्य करते हुए चल रहे थे . नगर के मेन मार्केट से होते हुए पुन : पंडाल पहुंची . कथा पंडाल में जमकर पुष्प वर्षा की गई .

# बेसरापुर में बेशर्मी से लॉन्च हुआ जुएं का शिविर

## शाजापुर में धर्मशाला में चल रहा है जुआं-सट्टा, पुलिस के मुखबिर फेल

**नवभारत EXCLUSIVE**

**शाजापुर, 16 जुलाई.** *जंगल-जंगल बात चली है, पता चला है. जिले के विभिन्न क्षेत्रों से होता हुआ अब बेरछा के जंगलों में जुआं शिविर खुला है...* **जुआं का पर्याय लाला के नेतृत्व में जगह-जगह जुआं शिविर संचालित हो रहा है. अब जुएं का महाकुंभ बेरछा के जंगलों में स्थापित हो गया है. इंदौर, देवास और बाहर से जुआरियों का देर रात जमावड़ा होता है और हाजिर वल्ली का खेल शुरू हो जाता है, तो सुबह होते ही जंगल साफ हो जाता है. जंगल में मंगल का यह कार्यक्रम जुआं किंग लाला के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है, तो वहीं शाजापुर शहर में एक धर्मशाला में अभी तक सट्टा संचालित होता था, लेकिन अब यहां भी हाजिर वल्ली का खेल शुरू हो चुका है. अब पुलिस की मुखबीरी कहें या पुलिस की अनुकम्पा.**



बेरछा के बेसरापुर में जुख खेलने वाले की गाडियों का जमावड़ा, जुआ संचालित करने वाले लोग

गौरतलब है कि शाजापुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए जुएं के शिविर अब बेरछा के जंगल पहुंच गए हैं. बेरछा में जुआरियों ने शिविर लगा लिए हैं, जिसमें जुआरियों को रात के डिनर में शराब और कबाब की व्यवस्था की जा रही है. जुआं चलाने वाले कार्यपालन यंत्री लाला सफलतापूर्वक संचालित कर रहे हैं. अब देखना यह है कि ये बेरछा के बेसरापुर में कब तक बेशर्मी से जुआं संचालित होता है. जिस प्रकार हर क्षेत्र में मुखिया होता है, उसी प्रकार जुएं के क्षेत्र में इन दिनों लाला की धूम है. लाला के बिना जुआं घर का ताला नहीं खुलता है. और हर जुआरी लाला-लाला चिल्लाता है. या यूं कहें कि जुआं चलाने के लिए अगर किसी को फ्रेंचाइसी चाहिए, तो लाला से संपर्क करें.

### बेसरापुर पहुंचा जुएं का काफिला...

अब जुएं का काफिला अब बेरछा के बेसरापुर पहुंच गया है . बेरछा के बेसरापुर में सुनसान जगह जुएं की फड़ जमाई गई है . जहां देर रात गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है . रोज लाखों का दाव लगाया जाता है और नाल काटकर सबका हिसाब किया जाता है . जुआं खेलने वालों के लिए शाही दावत का इंतजाम भी लाला एंड कंपनी कराती है, ताकि जुआं खेलने वालों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो .

### धर्मशाला में सट्टे के साथ अब जुएं की शाखा लांच

शाजापुर शहर में हाजिर वल्ली के साथ-साथ अब धर्मशाला में सट्टे के साथ जुआं भी लॉन्च किया गया है . इस धर्मशाला की खासियत यह है कि बाहर से चैनल बंद रहता है और बाहर एक जवान 500 रुपए लेकर चौकीदारी करता है . जैसे ही कोई खाकी वाला दिखता है, तो पुलिस की सीटी बजने से पहले ये चौकीदार सीटी बजा देता है, ताकि धर्मशाला के अंदर सब अलर्ट हो जाएं .

### गजब का साम्प्रदायिक सौहार्द्र...

शाजापुर भले ही साम्प्रदायिकता के मामले में अति संवेदनशील माना जाता है, लेकिन जुएं सट्टे के क्षेत्र में गजब का साम्प्रदायिक सौहार्द्र देखने को मिल रहा है . जहां जरा-जरा सी बात पर हिंदू-मुसलमान का तनाव दिखता था, लेकिन लेकिन जुएं-सट्टे में भाईचारे की मिसाल कायम की है . सट्टा अस्सी संचालित कर रहे हैं, तो जुआं बीस संचालित कर रहे हैं . या यूं कहें कि सामाजिक बुराई जुएं-सट्टे में अस्सी-बीस का भाईचारा देखने लायक है . शहर में जगह-जगह ओपन-टू-क्लोज की बलन लेने वाले बीस वाले हैं और हिसाब करने के लिए अस्सी वाले हैं . जुएं-सट्टे में साम्प्रदायिक सौहार्द्र देखने लायक है . साम्प्रदायिक सौहार्द्र और खाकी की नजरों में धूल झोंक कर काम करने वाले इन सटोरियों-जुआरियों को 15 अगस्त पर सम्मानित करना चाहिए .

### ऐसे होता जुएं के पैसे का विकेंद्रीकरण...

इतने बड़े पैमाने पर जब जुएं के शिविर संचालित होते हैं, तो जिस प्रकार सत्ता का विकेंद्रीकरण होता है, उसी प्रकार जुएं के पैसे का विकेंद्रीकरण भी किया जाता है . जुएं के पैसे से जो नाल कटती है, उससे पहला हिस्सा जो मकान, जमीन किराये पर देता है उसे, फिर संरक्षणकर्ताओं को भरपूर पैसा मिलता है . खाने-पीने का काटकर बाकी पैसा जुआं संचालित कंपनी को मिलता है . जुएं के पैसे का विकेंद्रीकरण पूरी इमानदारी से किया जाता है . पसीना सूखने के पहले सबका हिस्सा पहुंच जाता है .

# अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर परिषद की टीम

**सोयतकलां, 16 जुलाई. नगर परिषद टीम मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाने पहुंची. लेकिन अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम के आने से पहले ही दुकानदारों ने अपना सामान हटा लिया. अमले ने दुकानों के बाहर चूने की लाइन डालकर व्यापारियों को हद में रहने की हिदायत दी है.**



गौरतलब है कि नगरीय क्षेत्र के मेन बाजार व माधवचौक में दोनों ओर दुकानदारों द्वारा बाहर सामान रखकर फैलाए जा रहे अतिक्रमण एवं फल एवं हाट ठेले वाले दुकानदारों द्वारा अस्त व्यस्त हालात में ठेले लगाए जाने के कारण मार्ग में भारी अव्यवस्था फैल रही है. अव्यवस्थाओं के चलते लोगों का चलना एवं वाहनों का निकलना दूभर हो रहा है. नगर परिषद सीएमओ मनोज नामदेव के मामला संज्ञान में आने के बाद उन्होंने कार्ययोजना बनाकर दुकानदारों, फल विक्रेता व हाथ ठेला संचालको को 5 दिन पूर्व नोटिस व नगर में मुनादी करवाकर अतिक्रमण न करने की हिदायत दी थी. इसके बाद मंगलवार को नगर परिषद का दल बाजारो मे अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंचा. इसी मार्ग पर एक महिने पहले नगर परिषद के दल ने जेसीबी की मदद से सख्ती से अतिक्रमण हटाया था. लेकिन दुकानदारों ने फिर से दुकानों के बाहर समान जमा कर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया. अतिक्रमण दल प्रभारी मोहन मालवीय ने दुकानदारों से दोबारा से अतिक्रमण न करने की अपील कर दुकानदारों एवं नागरिकों से व्यवस्था को ठीक करने में अपना योगदान देने की अपील की.

### बेटी बचाओ बेटी पढाओ सम्मलेन का आयोजन आज

**शाजापुर, 16 जुलाई.** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अंतर्गत गुरूवार को शाजापुर के मल्हार गार्डन में सुबह 11 बजे बेटी बचाओ बेटी पढाओ सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा है. महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली बालिकाओ, महिलाओ का सम्मान किया जाएगा. इसके साथ ही एक बेटी पर परिवार नियोजन अपनाने वाले परिवारों का सम्मान भी किया जाएगा. बालिकाओं द्वारा विभिन्न खेलो मलखम्ब, तलवार बाजी, लाठी बाजी एवं बाल विवाह रोकथाम पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी जाएगी. प्रतिभावान बालिकाओं, महिलाओं द्वारा अपने अनुभव साझा किए जाएंगे.

# पुलिस ने विद्यार्थियों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ



**मोहन बड़ोदिया , 16 जुलाई. मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास ने बुधवार को करीब मोहन बड़ोदिया के श्री गंगा ज्ञान हाई सेकेंडरी स्कूल, सनराइज पब्लिक स्कूल, संस्कार पब्लिक एकेडमी मोहन बड़ोदिया में वाहन चालकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई.**

साथ ही वाहनों के दस्तावेज चेक किए, कुछ कागजों में कमी पाए जाने पर संस्था प्राचार्य को दस्तावेज पूर्ण करने, ड्राइवरो का पुलिस सत्यापन कराने सहित जरूरी आवश्यक निर्देश दिए. इस दौरान मोहन बड़ोदिया थान प्रभारी प्रेम किशोर व्यास, प्रधान आरक्षक सुरेश राठौर, चालक सुभाष दांगी मौजूद रहे.

### पुजारी नियुक्त करने के लिए 18 जुलाई को तहसीलों में शिविर लगेंगे

**शाजापुर, 16 जुलाई.** जिले के शासन संधारित मंदिरों में पुजारियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए 18 जुलाई को सभी तहसील कार्यालयों में कार्यालयीन समय मे विशेष शिविर लगाने के निर्देश कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने दिए हैं. शिविर में पुजारी पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र एवं वैध दस्तावेज प्राप्त किए जाएंगे. कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को शिविर के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करने तथा शत प्रतिशत पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं.

# कलेक्टर ने क्षेत्र के ग्रामों का भ्रमण कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**मोहन बड़ोदिया, 16 जुलाई. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने मो.बड़ोदिया क्षेत्र का भ्रमण कर ग्राम पंचायत आनंदीखेड़ी, सारसी, भण्डेडी, हरयाणी का भ्रमण कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया. कलेक्टर सुश्री बाफना ने ग्राम पंचायत आनंदीखेड़ी के कृषक रामबाबू पाटीदार के खेत पर उड़द फसल का अवलोकन किया.**

इस दौरान उन्होंने कृषक श्री पाटीदार से उनके द्वारा लगाई गई उड़द की किस्म एवं लागत के बारे में जानकारी प्राप्त की. कृषक श्री पाटीदार ने बताया कि उनके द्वारा पिछले वर्ष भी अपने खेतों में उड़द की फसल लगाई गई थी जिसमें उन्हें अच्छा फायदा हुआ था. इस दौरान कलेक्टर सुश्री बाफना ने कमल पाटीदार द्वारा रेज्ड बेड पद्धति से लगाई गई सोयाबीन की फसल की खेती का अवलोकन किया. कलेक्टर ने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं एवं फसलों से होने वाले लाभ के बारे में भी जानकारी प्राप्त की. साथ ही कलेक्टर ने उक्त किसानों को बताया कि सहकारिता केन्द्रीय बैंक द्वारा माइक्रो स्प्रींकलर के लिए ऋण दिया जा रहा है किसान भाई सहकारिता बैंक से ऋग्ण लें. इस दौरान कृषि वैज्ञानिक डॉ. जीआर अम्बावतिया एवं कृषि उपसंचालक आरएल जामरे ने भी किसानों द्वारा लगाई गई फसलों के बारे में जानकारी प्रदान की. मो. बड़ोदिया में कलेक्टर ने जल निगम द्वारा बनाई गई पेयजल टंकी का निरीक्षण किया. कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी से पेयजल टंकी की टेस्टिंग की जानकारी प्राप्त की. साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द सभी घरों में नल कनेक्शन करने एवं रेस्टोरेशन के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए. इसके पश्चात कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मो. बड़ोदिया में निर्माणाधीन प्रसव केन्द्र का निरीक्षण किया. निरीक्षण में उन्होंने केन्द्र में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने पर संबंधित ऐजेंसी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण कार्य होने के उपरांत ही हेण्डओवर करें. इसके पश्चात कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केन्द्र मो. बड़ोदिया का निरीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर उनसे संसाधनों की आवश्यकता के बारे में पूछा.



**एक नजर में** — कॉलेज एडमिशन के लिए सीएलसी का अतिरिक्त चरण प्रारंभ

# उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय में प्रवेश लेने का सुनहरा अवसर : डॉ . बोड़ाने




**शाजापुर, 16 जुलाई. महाविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक एवं वंचित विद्यार्थियों के लिए कॉलेज लेवल काउंसिल का अतिरिक्त चरण उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा घोषित किया गया है.**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बीकेएसएन शासकीय अग्रणी महाविद्यालय शाजापुर के रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष एवं ई-प्रवेश जिला नोडल अधिकारी डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने ने बताया कि प्रवेश के इच्छुक एवं वंचित विद्यार्थियों के लिए कॉलेज लेवल काउंसिल का अतिरिक्त चरण उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा घोषित किया गया है, जो कि 16 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा. उक्त चरण में विद्यार्थी 16 जुलाई से प्रतिदिन शाम 3 बजे तक ई-प्रवेश पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं पाठ्यक्रमों के विकल्प दे पाएंगे. तत्पश्चात हेल्पसेंटर अथवा शासकीय महाविद्यालय द्वारा शाम 4 बजे तक सत्यापन करना होगा. फिर प्रतिदिन शाम 5 बजे तक मेरिट सूची का प्रकाशन किया जाएगा. मेरिट में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को 24 घंटे में प्रवेश शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा. प्रवेश शुल्क तय समय सीमा में जमा नहीं करने पर प्रवेश नहीं हो पाएगा एवं विद्यार्थियों को निर्धारित समय के बाद प्रवेश लेने हेतु फिर से अपने पाठ्यक्रम का विकल्प पोर्टल के माध्यम से देना पड़ेगा.




### गर्ल्स कॉलेज में भी शुरू हुआ सीएलसी चरण

किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में भी शासन के आदेशानुसार सत्र 2025-26 के लिए स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु अतिरिक्त सीएलसी चरण के निर्देश जारी किए गए हैं . प्रवेश हेतु पात्र छात्राएं 16 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रतिदिन महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हो सकती हैं . प्राचार्य डॉ . पी . मूंदड़ा एवं प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ . कपिल जाटव ने बताया कि 16 जुलाई से प्रतिदिन छात्राएं दोपहर 3 बजे तक पंजीयन / विकल्प चयन कर सकेंगी . शाम 5 बजे मेरिट सूची जारी की जाएगी . मेरिट सूची जारी होने के 24 घंटों में छात्राओं को प्रवेश शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा .

**इनका कहना है**

*प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बहुत ही सरल एवं आसान तरीके से प्रवेश लेने के लिए ये अवसर प्रदान किया गया है. ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को इसका लाभ लेना चाहिए.*

*- डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने, ई-प्रवेश जिला नोडल अधिकारी*